RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



महंगा पड़ता है बड़ा, रखना कूड़ादान।
फेंको खाली प्लाट में, काम बड़ा आसान।
काम बड़ा आसान, तनिक भी ना घबराएं।
भर दें पॉलीथीन, गांठ फिर तीन लगाएं।
कह साहिल कविराय, कभी ना हिम्मत हारें।
ढूंढ़ें खाली प्लाट, चलाकर उसमें मारें।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 24 | THURSDAY 05-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com






# रुपये में तेज उछाल से व्यापार में राहत के संकेत, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग 7 सालों में सबसे बड़ी एक दिन की बढ़त

चंडीगढ़/यूटर्न/4 फरवरी। भारतीय रुपया मंगलवार को जबरदस्त उछला, शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 1% से ज्यादा चढ़कर लगभग 90.40 पर पहुंच गया, जो लगभग सात सालों में एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है। यह तेजी तब आई जब भारत और अमेरिका ने एक लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापार समझौते की घोषणा की, जिससे टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितता काफी कम हुई और निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

बाजार के जानकारों ने कहा कि करेंसी में यह तेजी मुख्य रूप से भारतीय निर्यात पर लगाए गए अमेरिकी दंडात्मक टैरिफ को वापस लेने के कारण आई, जिन्हें बहुत ऊंचे स्तर से घटाकर 18% कर दिया गया।

इस कदम को द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में एक राजनीतिक और आर्थिक बदलाव के रूप में देखा गया, जिससे तुरंत करेंसी और इक्विटी बाजारों में आशावाद फैल गया।

## रुपए में तेजी बड़े पैमाने पर थी

रुपये में तेजी तेज और बड़े पैमाने पर थी। करेंसी के साथ-साथ इक्विटी इंडेक्स भी बढ़े, जबकि ट्रेडर्स हफ्तों की अनिश्चितता के दौरान बनाई गई लॉन्ग-डॉलर पोजीशन को खत्म करने के लिए दौड़ पड़े। निर्यातकों को आक्रामक रूप से डॉलर बेचते हुए देखा गया, जिससे इस तेजी को और गति मिली, जबकि आयातक रुपये की और मजबूती की उम्मीद में रुके रहे।



## तात्कालिक प्रतिक्रिया से ज्यादा तेजी

विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से, यह तेजी सिर्फ एक तात्कालिक प्रतिक्रिया से कहीं ज्यादा है। टैरिफ में कमी से भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सीधे सुधार होता है, खासकर श्रम-प्रधान क्षेत्रों में, और विदेशी पूंजी प्रवाह के फिर से शुरू होने की संभावना बढ़ जाती है, जो हाल के महीनों में दबाव में था। कम व्यापारिक घर्षण से भारत के चालू खाता दृष्टिकोण को लेकर चिंताएं भी कम होती हैं, जिससे करेंसी को मूलभूत समर्थन मिलता है।

## घोषणा से पहले रुपया काफी कमजोर था

हालांकि, विश्लेषक इस कदम को लगातार तेजी की शुरूआत मानने के प्रति आगाह करते हैं। घोषणा से पहले रुपया काफी कमजोर हो गया था और मंगलवार की तेजी का कुछ हिस्सा तकनीकी सुधार और शॉर्ट-कवरिंग को दशार्ता है, न कि मूलभूत बातों में पूरी तरह से बदलाव को। वैश्विक डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी पोर्टफोलियो प्रवाह रुपये की मध्यम अवधि की दिशा तय करते रहेंगे।

## निर्यातकों को नुकसान पहुंचा सकती

केंद्रीय बैंक के आराम का भी सवाल है। एक तेज, अनियंत्रित तेजी निर्यातकों को नुकसान पहुंचा सकती है और अस्थिरता पैदा कर सकती है, जिससे यह संभावना है कि अगर बढ़त बहुत ज्यादा हो जाती है तो भारतीय रिजर्व बैंक हस्तक्षेप करेगा। ट्रेडर्स किसी विशेष स्तर की रक्षा करने के बजाय तेज उतार-चढ़ाव को कम करने के उद्देश्य से हस्तक्षेप की संभावना के प्रति सतर्क रहते हैं।

## ईंधन और कमोडिटी की कीमतों पर दबाव कम होगा

अभी के लिए, रुपये में तेजी नीति निमार्ताओं को कुछ राहत देती है। एक मजबूत करेंसी आयातित महंगाई को नियंत्रित करने में मदद करती है और ईंधन और कमोडिटी की कीमतों पर दबाव कम करती है। लेकिन रैली टिकेगी या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि ट्रेड को लेकर उम्मीदें कितनी जल्दी असल इन्वेस्टमेंट फ्लो और एक्सपोर्ट ग्रोथ में बदलती हैं।

# मजीठिया की रिहाई के बाद अकाली दल एक्शन मोड में; गुरुवार को चंडीगढ़ में होगी हाई लेवल मीटिंग

नवीन गोगना



चंडीगढ़, यूटर्न, 4 फरवरी। शिरोमणि अकाली दल ने बिक्रम सिंह मजीठिया के जेल से बाहर आने के तुरंत बाद अपनी अगली राजनीतिक रणनीति तय करने के लिए कल सुबह गुरुवार 11 बजे चंडीगढ़ में एक बड़ी बैठक बुलाई है। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल करेंगे। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों के अलावा पार्टी की अन्य वरिष्ठ नेतृत्व भी विशेष रूप से शामिल होगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक का मुख्य उद्देश्य मौजूदा राजनीतिक हालातों पर विचार करना और आने वाले दिनों के लिए पार्टी की अगली रणनीति तैयार करना है। बीती देर रात सुखबीर बादल ने बिक्रम मजीठिया के घर जाकर उनसे मुलाकात की थी। अब इस आधिकारिक बैठक के जरिए अकाली दल सरकार के खिलाफ अपने हमले तेज करने और पार्टी कैडर में नई जान फूंकने की तैयारी में है।

# बलटाना के फूड प्लाजा में युवकों पर हमला, कमरे में घुसकर की मारपीट

जीरकपुर, यूटर्न, 04 फरवरी। बलटाना इलाके से मंगलवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बलटाना स्थित फूड प्लाजा रेस्टोरेंट में मामूली कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि 7 से 8 युवकों ने होटल में ठहरे युवकों पर कमरे में घुसकर हमला कर दिया और जमकर मारपीट की। जानकारी के अनुसार पीड़ितों में शामिल तीन युवक होशियारपुर जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे टाटा कंपनी में ट्रेनिंग के सिलसिले में जीरकपुर आए हुए थे और काम के चलते यहां ठहरे हुए थे। मंगलवार रात वे बलटाना के फूड प्लाजा रेस्टोरेंट में मौजूद थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक होटल में मौजूद एक महिला को इशारा करने की बात को लेकर कुछ युवकों के बीच पहले कहासुनी हुई। शुरूआत में विवाद ज्यादा नहीं बढ़ा, लेकिन कुछ समय बाद हालात अचानक बिगड़ गए। बताया जा रहा है कि बहस के बाद करीब 7 से 8 युवक वहां पहुंचे और सीधे होटल के कमरे में घुस गए। आरोप है कि हमलावरों ने युवकों को कमरे से बाहर घसीटकर बेरहमी से पीटा। इस दौरान एक अन्य युवक को भी पकड़कर बाहर लाया गया और उसके साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद होटल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता: अमेरिकी टैरिफ घटकर 18% होने से भारतीय टेक्सटाइल उद्योग को बड़ी राहत

लुधियाना, यूटर्न, 04 फरवरी। नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन (NITMA) ने भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते का स्वागत किया है। इस समझौते के तहत अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्त्र एवं परिधान उत्पादों पर आयात शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे भारतीय टेक्सटाइल उद्योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में फिर से मजबूत बढ़त मिलने की उम्मीद है।

NITMA के अध्यक्ष सिद्धार्थ खन्ना ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को देते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अमेरिका के साथ सफल कूटनीतिक सहयोग के परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक समझौता संभव हो सका है। यह करार भारतीय टेक्सटाइल उद्योग के लिए दीर्घकालिक स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करेगा।

## भारतीय निर्यातकों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त

अगस्त 2025 से भारतीय टेक्सटाइल उद्योग 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण भारी दबाव में था, जिससे मुनाफा घटा और वैश्विक सोर्सिंग पैटर्न प्रभावित हुआ। नए समझौते के तहत 18 प्रतिशत टैरिफ लागू होने से भारत को वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में 2 प्रतिशत की लागत बढ़त मिलेगी, जिन पर वर्तमान में 20 प्रतिशत शुल्क लागू है। इससे अमेरिका के ब्रांड्स और रिटेलर्स के लिए भारत एक पसंदीदा सोर्सिंग डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा।

## उद्योग और रोजगार को नई ऊर्जा

NITMA के अनुसार यह समझौता घरेलू विनिर्माण क्षेत्र में तुरंत सकारात्मक प्रभाव डालेगा:



**उत्पादन क्षमता में वृद्धि:** जिन कारखानों में उत्पादन घट गया था, वे पुन: पूर्ण क्षमता पर लौट सकेंगे।

**रोजगार सुरक्षा:** लाखों श्रमिकों की नौकरियाँ सुरक्षित होंगी तथा श्रम-प्रधान क्षेत्रों और टरटए सेक्टर में नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**निवेश को प्रोत्साहन:** व्यापार अनिश्चितता समाप्त होने से ढट MITRA पार्क जैसी बड़ी परियोजनाओं में घरेलू एवं विदेशी निवेश (FDI) को गति मिलेगी। अपने समापन वक्तव्य में खन्ना ने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय बाजारों में प्राथमिक पहुँच मिलने से भारत अब एक स्थिर, भरोसेमंद और अत्यंत प्रतिस्पर्धी वैश्विक टेक्सटाइल हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि 100 अरब डॉलर के टेक्सटाइल निर्यात लक्ष्य, जो कभी दूर का सपना लगता था, अब पूरी तरह साकार किया जा सकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि NITMA नीति-निमार्ताओं और निर्यातकों के साथ मिलकर इस कूटनीतिक सफलता को सतत औद्योगिक समृद्धि में बदलने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 24 | THURSDAY 05-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को अधिकारी ने ही लगा डाला लाखों का चूना

## कंपनी को नुकसान पहुंचाने पर पूर्व डीएम को लगा 3.64 लाख जुर्माना, पहले वसूला, फिर उच्च अधिकारियों ने सेटिंग करके अंदरखाते वापिस भी कर डाला

### हाई स्पीड पर अधिकारी, 5 दिन में नोटिस, रिप्लाई, एक्शन और जुर्माना वसूली भी कर डाली

**लुधियाना/यूटर्न/4 फरवरी। आज कल ज्यादातर सरकारी विभागों में अंदरखाते अधिकारियों द्वारा सेटिंगें करके बड़े से बड़े मामले को अंजाम दे दिया जाता है। जिसमें चाहें केंद्र और चाहे राज्य सरकार का विभाग हो, लेकिन ज्यादातर में आपसी मिलीभगत के चलते अधिकारी सरकारों को सीधे व असीधे तौर पर बड़े स्त्र पर चूना लगाने में जुटे हैं। वहीं अब एक ताजा मामला यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का सामने आया है।**

**बेशक यह कंपनी केंद्र सरकार के अधीन है, लेकिन इस कंपनी में भी अधिकारियों पर लाखों रुपए का कंपनी को चूना लगाने के आरोप लगे हैं। जिसकी बकायदा शिकायत भी उच्च अधिकारियों से की गई है। दरअसल, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लुधियाना डिवीजन मैनेजर रहे अरुण कालिया पर ऑफिस बदलने के दौरान कंपनी को 3.64 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे।**

**कंपनी के चेयरमैन द्वारा यह जुर्माना लगाया गया। उक्त जुर्माना राशि की रिकवरी भी कर डाली। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि पहले कंपनी ने रिकवरी की और फिर साढ़े तीन साल के दौरान आधे-आधे करके पेमेंट वापिस भी कर दी। जिसमें यह दावा किया कि कंपनी ने गलती से जुर्माना लगा दिया था।**

**अब इसे पूर्व अधिकारियों के साथ कंपनी के कई मौजूदा अधिकारियों का प्यार व सम्मान समझें या मिलीभगत, अब यह तो जनता ही बता सकती है। लेकिन चर्चाएं हैं कि इस पूरे खेल में कुछ अधिकारियों को हिस्सा भी मिला है। अब देखना होगा कि मौजूदा चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर इस जुर्माने को वसूल पाते हैं या नहीं।**



### ऑफिस शिफ्टिंग के दौरान किया नुकसान

दरअसल, यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी का 2017 से पहले डिवीजनल ऑफिस मॉल रोड पर था। जहां पर करीब 35-3600 स्केयरफीट जगह रेंट पर लेकर 60 हजार रुपए प्रति महीना किराया दिया जाता था। लेकिन 2017 में कंपनी ऑफिस जबरन पक्खोवाल रोड पर शिफ्ट किया। जहां 1803 स्केयरफीट जगह बताकर 1.27 लाख 652 रुपए प्रति महीना किराया फिक्स किया गया। मगर जब जांच हुई तो कंपनी द्वारा बुलाए आर्किटेक्ट ने उक्त जमीन चैक की। जिससे पता चला कि रेंट एरिया 1588 स्केयरफीट है। जबकि किराया 1803 स्केयरफीट के हिसाब से लिया गया। जब डिवीजन मैनेजर अरुण कालिया थे। चर्चा है कि रेंट पर जमीन लेते हुए उनके भी हस्ताक्षर हुए। जिन पर आरोप है कि उन्होंने इसका ध्यान रखना था। फिर कंपनी ने यह जुर्माना लगाया।

### चीफ रीजनल मैनेजर बचाव करते आए नजर



इस मामले में कंपनी की चीफ रीजनल मैनेजर संगीता बाली से संपर्क करके मामले संबंधी पूछा गया। लेकिन उन्होंने पूरा मामला सुनने के बाद बिना कुछ कहे ही फोन काट दिया और दोबारा फोन ही नहीं उठाया।




### उच्च अधिकारियों ने लगाया जुर्माना, खुद ही वापिस भी किया

इस मामले में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। दरअसल, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर सबसे प्रमुख होता है। यह जुर्माना भी पूर्व चेयरमैन गिरीश राधाकृष्ण द्वारा जांच के बाद लगाया था। जिसके बाद डीएम अरुण कालिया द्वारा शिकायत दी जाती है। जुर्माना वसुलने के ढ़ाई साल बाद कमेटी बैठती हैं। जिसके बाद 2023 में जनरल मैनेजर राधिका और फिर 2024 में जनरल मैनेजर कालावेनी सुभाह के दो ऑर्डर सामने आते हैं। पहले ऑर्डर में कमेटी द्वारा 50 प्रतिशत पेमेंट कालिया को वापिस करने और फिर दूसरे ऑर्डर में बाकी की वसूल की पेमेंट वापिस करने का लिखा होता है। इसमें चौंकाने वाली बात तो यह है कि इस कमेटी में भी चेयरमैन व जीएम समेत कई उच्च अधिकारी कमेटी में शामिल होते हैं। उन्हीं अधिकारियों ने पहले जुर्माना लगा वसूल किया और फिर खुद ही वापिस कर दिया। जिसके चलते चचाएं हैं कि इस पूरे खेल में बड़ा हेरफेर किया गया है।

### सुपर फास्ट काम करने का अधिकारियों को मिलना चाहिए खिताब

**दरअसल, इस पूरी कार्रवाई की डिटेल तैयार हुई। जो आरटीआई के जरिए मिली। जिस मुताबिक पूर्व डीएम अरुण कालिया की मई 2021 में रिटायरमेंट थी। तब चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर रहे गिरीश राधाकृष्ण द्वारा इस रिटायरमेंट से 10 दिन पहले यानि कि 21 मई 2021 को तब के डीएम अरुण कालिया को चार्जशीट किया और एक नोटिस निकालकर उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए कहा। यह कार्रवाई इतनी गोपनीय होती है कि जल्दी में इसके दस्तावेज बाहर नहीं निकाले जाते। चार्जशीट कर मदसार हेड ऑफिस में बैठे चेयरमैन ने नोटिस निकाला।**

**अब पार्सल जाते और रिप्लाई आते समय लगता है। लेकिन आरटीआई में आए दस्तावेजों के मुताबिक 24 मई को पूर्व डीएम कालिया ने रिप्लाई भी दे दिया। जबकि 25 मई को चेयरमैन ने फैसला करते हुए 3.64 लाख जुर्माना लगाकर वसूली भी कर ली। यानि कि 5 दिन में पूरी कार्रवाई खत्म कर डाली। जिससे लगता है कि शायद चेयरमैन और डीएम या तो इकट्ठे बैठकर काम कर रहे थे या पहले से पूरा मामला फिक्स था। चर्चा है कि कंपनी के अधिकारी अगर इतनी तेजी से काम करते हैं तो उन्हें खिताब देकर सम्मानित जरुर करना चाहिए।**

### जांच एजेंसियां इन्वेस्टिगेशन करे तो और मामलों के हो सकते खुलासे

वहीं चर्चा है कि यह तो अभी एक शहर की एक डिवीजन का मामला सामने आया है। जबकि कंपनी के पास पूरे देश में सैकड़ों डिवीजन हैं। ऐसे में चर्चा है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को सभी डिवीजनों की इन्वेस्टिगेशन करनी चाहिए। जिससे कई और बड़े घोटाले खुलकर सामने आ सकते हैं। क्योंकि अधिकारियों द्वारा इस तरह करके कंपनी के साथ साथ सरकारी खजाने को भी चूना लगाया जा रहा है। दरअसल, कंपनियां नुकसान में जाने का सबसे बड़ा कारण कुछ भ्रष्ट अधिकारी ही हैं।

### मेरा कोई लेनदेन नहीं, गलती से कटे थे पैसे



वहीं पूर्व डीएम अरुण कालिया का कहना है कि मामले में मेरा कोई लेनदेन नहीं है। बिल्डिंग सेंशनिंग और अप्रूवल कमेटी द्वारा दी जाती है। डीएम तो सिर्फ काम करता है, उसका इसमें रोल न होने पर उससे पूछना जरुरी नहीं होता। अब जिसने सेंशनिंग की है, वह इसे देखें। कंपनी ने गलती से मेरे पैसे काटे थे, वह वापिस कर दिए हैं।

### अपने गले से सांप निकाल दूसरे के गले में फेंका

**वहीं चर्चा है कि अरुण कालिया द्वारा अपने ऊपर लगे आरोप सिरे से हटाकर अधिकारियों के जरिए अब जमीन मालिक के सिर जड़ दिए हैं। यानि कि कमेटी ने यह फैसला किया कि इस मामले में गलती रेंट पर जमीन देने वाले मालिक की है। जबकि हैरानी की बात तो यह है कि अगर रेंट पर जमीन देने वाला व्यक्ति अपनी जमीन को 5000 गज बताएगा, तो क्या वहीं समझकर उसे किराया दे दिया जाएगा।**

**जिससे साफ जाहिर है कि मामले को घूमाकर कंपनी को उलझाने का प्रयास है। आखिर किस तरह अधिकारियों द्वारा पब्लिक मनी को जमकर उड़ाया जा रहा है। जबकि मौजूदा चेयरमैन से लेकर चीफ रीजनल मैनेजर द्वारा मामले की तरफ कोई ध्यान ही नहीं दिया जा रहा।**

### मेरे ध्यान में नहीं है मामला

**वहीं मौजूदा डिवीजन मैनेजर ध्रुव तिवारी का कहना है कि ऐसे मामलों संबंधी उनके हेड ऑफिस और क्षेत्रीय रीजनल ऑफिस द्वारा ही डील किया जाता है। डिवीजनल ऑफिस का इसमें लेनदेन नहीं होता।**

# मोहाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई: गैरी हत्या कांड के 2 शूटर गिरफ्तार

नवीन गोगना

मोहाली, यूटर्न, 4 फरवरी। मोहाली के जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर दिन-दहाड़े गुरविंदर सिंह उर्फ गैरी की हत्या के मामले में मोहाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस वारदात को अंजाम देने वाले दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बलतेज सिंह उर्फ बंटी निवासी जिला फरीदकोट और मंगत सिंह



उर्फ मैक्स निवासी जलालाबाद के रूप में हुई है। एस.एस.पी. मोहाली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई पल्सर बाइक और एक होंडा कार भी बरामद कर ली है। एसएसपी ने बताया कि इस हत्या के तार गैंगस्टरों से जुड़े हुए हैं। मामले की गहराई से जांच करते हुए पुलिस ने इस केस में कई अन्य लोगों को भी नामजद किया है। जिनमें सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़, विक्की सिंह उर्फ विक्की सट्टे वाला और रवि कुमार उर्फ रवि फरीदकोटिया शामिल हैं। एस.एस.पी. मोहाली ने कहा, हमने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी नामजद आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है। वारदात में इस्तेमाल किए गए वाहन भी हमारे कब्जे में हैं।

# NH-503 कीरतपुर से नंगल तक होगा फोर लेन, NHAI ने जारी की नोटिफिकेशन

नवीन गोगना

मोहाली, यूटर्न, 4 फरवरी। चंडीगढ़ से हिमाचल प्रदेश के चिंतपुणी, ज्वालाली, धर्मशाला जाने वाले लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब कीरतपुर से नंगल के बीच की सड़क को फोर लेन किया जाएगा। जिससे जहां उनका सफर आसान होगा, वहीं, सड़क हादसों में भी कमी आएगी। सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण (एक्वायर) करने संबंधी नोटिफिकेशन नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से जारी कर दी गई है। अधिग्रहित होने वाली




जमीन के खसरा नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। वहीं, लोग अब उक्त अथॉरिटी के दफ्तर जाकर इससे जुड़ी जानकारी ले पाएंगे। उम्मीद है कि जल्द ही सड़क का काम पूरा होगा।

# शहरी निकायों में तेज मंजूरियाँ और मिशन-मोड विकास: 3 हफ्तों में 1100 में से 900 प्रस्ताव क्लियर - संजीव अरोड़ा

चंडीगढ़, यूटर्न, 4 फरवरी। पंजाब के स्थानीय निकाय, उद्योग एवं वाणिज्य, बिजली तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि राज्य सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) में प्रशासनिक, वित्तीय और संरचनात्मक सुधार लागू कर शहरी विकास को तेज, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। इसका उद्देश्य समयबद्ध निर्णय, निर्बाध क्रियान्वयन और नागरिक सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि पहले प्रस्तावों और मंजूरियों के लंबित रहने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। माननीय अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में विकेंद्रीकृत निर्णय प्रणाली और दैनिक निगरानी व्यवस्था लागू की गई। इसके परिणामस्वरूप पिछले तीन हफ्तों में 1100 लंबित प्रस्तावों में से 900 प्रस्तावों को मंजूरी दी जा चुकी है, जिनमें कुछ मामले वर्ष 2018 से पेंडिंग थे।

प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लिए 1 फरवरी 2026 से ई-निगम सॉफ्टवेयर लागू किया गया है, जिससे सभी यूएलबी में ऑनलाइन प्रोसेसिंग, ट्रैकिंग, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।



## वित्तीय शक्तियों में बढ़ोतरी

- अरोड़ा ने बताया कि परियोजनाओं की गति बढ़ाने के लिए अधिकारियों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाई गई हैं।
- सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये।
- मुख्य इंजीनियर अब 10 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को मंजूरी दे सकेंगे (पहले 5 करोड़)।
- मुख्यालय स्तर पर अब एक के बजाय दो कमेटियां बनाई गई हैं ताकि जीरो पेंडेंसी सुनिश्चित हो।
- सभी प्रस्तावों को 10 कार्यदिवस में निपटाने की समय-सीमा तय की गई है।

## मिशन-मोड सीवर सफाई

- रेट कॉन्ट्रैक्ट के तहत सीवर सफाई की प्रक्रिया शुरू की गई है।
- 161 यूएलबी में काम पूरा।
- अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, बठिंडा और पटियाला में टेंडर अंतिम चरण में।
- 6 एजेंसियां सूचीबद्ध।
- 'एक शहर, एक संचालक' योजना लागू की जा रही है ताकि मानसून से पहले सफाई सुनिश्चित हो।
- अमृत 2.0 और रइट 2.0 से इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत
- अमृत 2.0 के तहत भूजल से नहर के पानी की ओर बदलाव किया जा रहा है।
- 90 कस्बों में 609 MLD क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कार्यशील।
- 148 कस्बों में 100% जल आपूर्ति कवरेज।
- 3,626 करोड़ रुपये की लागत से 87 टछऊक्षमता के 4 एसटीपी विकसित किए जा रहे हैं।
- SBM (शहरी) 2.0 के तहत:
- 56 कस्बों में 213 MLD क्षमता के एसटीपी।

1,647 करोड़ रुपये की लागत से 730 सीवर सफाई मशीनें खरीदी गईं। संजीव अरोड़ा ने कहा कि ये सुधार पंजाब में शहरी शासन के व्यापक परिवर्तन का हिस्सा हैं, जिनका फोकस तेज डिलीवरी, पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नागरिक सेवाओं में प्रत्यक्ष सुधार पर है।

## इंजीनियरिंग ढांचे का पुनर्गठन

राज्य के सभी शहरी निकायों को छह क्षेत्रों — अमृतसर, बठिंडा, फिरोजपुर, जालंधर, लुधियाना और पटियाला में बांटा गया है। प्रत्येक क्षेत्र में एक मुख्य इंजीनियर, प्रति क्षेत्र एक सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर और प्रति जिला एक सब-डिविजनल इंजीनियर तैनात किया गया है, जिससे निगरानी और क्रियान्वयन तेज होगा।

# बलटाना में लगाया गया मेडिकल कैंप, डॉक्टरों को किया गया सम्मानित



जीरकपुर, यूटर्न, 04 जनवरी। वार्ड नंबर 7 बलटाना में जनहित को ध्यान में रखते हुए एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य जांच व परामर्श की सुविधाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के सदस्य करमजीत सिंह चौहान की अगुवाई में कैंप में सेवाएं देने वाले सभी डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना रहा। कैंप में डॉ रेनू वर्मा और डॉ पारस बटला ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। यह शिविर मिस्ट हॉस्पिटल के सहयोग से लगाया गया, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकीं। कैंप के आयोजन में वार्ड नंबर 7 के इंचार्ज सुरेश सैनी और ब्लॉक इंचार्ज रमन सैनी की अहम भूमिका रही। साथ ही समाजसेवी दिक्षित सिंगला, कमल, रिया, आरती, नदीम और एकता सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी मेडिकल कैंप लगातार लगाए जाएंगे ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, लखनऊ में सिख समाज ने फूंका पुतला

लखनऊ, यूटर्न, 4 फरवरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के सिख नेताओं और कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी का पुतला फूंका गया और 'राहुल गांधी शर्म करो' तथा 'सिखों का अपमान करना बंद करो' जैसे नारे लगाए गए। राजधानी लखनऊ के आलमबाग स्थित खालसा चौक पर गुरू गोविन्द सिंह सेवा समिति के महामंत्री एवं भाजपा नेता सरदार परविन्दर सिंह के नेतृत्व में सिख समाज के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों ने सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को संसद के मुख्य द्वार पर 'गद्दार' कहे जाने को पूरे सिख समाज का अपमान बताया। इस मौके पर सरदार परविन्दर सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणी से सिख समाज की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं और समाज में भारी आक्रोश है।



पेज 08 हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेशों पर लगाई रोक...

# आस्था और कोर्टरूम के बीच: ब्यास डेरा का मजीठिया का बचाव, मान का ट्वीट और पंजाब की राजनीति गरमाई

चंडीगढ़/यूटर्न/4 फरवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के एक रहस्यमय पोस्ट ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है, जिससे एक ऐसे राज्य में आस्था, कानून और सत्ता से जुड़े सवाल उठ खड़े हुए हैं, जहां धर्म और राजनीति के बीच की सीमाएं अक्सर बहुत नाजुक होती हैं। घटनाओं की शुरूआत तब हुई जब राधा सोमी सत्संग ब्यास (RSSB) के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों पटियाला जेल में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से मिले और सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ आपराधिक मामलों को झूठा और बेबुनियाद बताया। बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों मजीठिया की पत्नी गनीव कौर के रिश्तेदार हैं। यह



**विपक्षी लीडरों ने किया जवाबी हमला...** भारतीय जनता पार्टी (BJP) और शिरोमणि अकाली दल ने मुख्यमंत्री पर तुरंत हमला किया, उन पर लाखों लोगों द्वारा पूजे जाने वाले संत का अनादर करने का आरोप लगाया। बीजेपी प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बलियावाल ने इंस्टाग्राम पर लिखा: मान ने ₹आध्यात्मिक नेताओं को सीख देकर₹ हद पार कर दी है, जबकि केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इस टिप्पणी को बहुत निंदनीय बताया और कहा कि इससे भक्तों की भावनाओं और मुख्यमंत्री के पद की गरिमा दोनों को ठेस पहुंची है।

**ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि मजीठिया को केवल सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है; कानून में, जमानत बरी होना नहीं है। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला जो लगभग 540 करोड़ ड्रग मनी की कथित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है, जारी है, भले ही सात महीने हिरासत में रहने के बाद उनकी रिहाई ने राजनीतिक माहौल बदल दिया है।**

## टिप्पणी के तुरंत बाद सीएम की पोस्ट

डेरा प्रमुख की टिप्पणियों के तुरंत बाद, मान ने पर एक पोस्ट किया जिसे कई लोगों ने एक छिपा हुआ जवाब माना: ₹चाहे यह कल हो या आज, भगवान अदालतों के रक्षक हैं, जहां केवल आगंतुक ही जज बन जाते हैं।₹ हालांकि किसी का नाम नहीं लिया गया था, लेकिन ट्वीट के समय ने इसे सीधे चल रहे विवाद के केंद्र में ला दिया, विपक्षी दलों ने इसे प्रभावशाली आध्यात्मिक नेता पर निशाना माना।

## एक घंटे बाद मजीठिया को जमानत

राजनीतिक माहौल तब और गर्म हो गया जब सुप्रीम कोर्ट ने बैठक के ठीक एक घंटे बाद मजीठिया को जमानत दे दी, जिससे उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया। हालांकि यह आदेश सख्ती से अंतरिम स्वतंत्रता से संबंधित था और मामले की खूबियों से नहीं, लेकिन इस संयोग ने - सही या गलत - धार्मिक प्रभाव और राजनीतिक परिणामों के बीच ओवरलैप की धारणाओं को मजबूत किया, जिसके खिलाफ मान के ट्वीट में चेतावनी दी गई थी।

**मान समर्थकों ने भी दिया जवाब...** इसी समय, इस घटना ने एक समानांतर सच्चाई को भी उजागर किया है: मजीठिया, अपनी रिहाई के बावजूद, एक राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति बने हुए हैं जिन पर गंभीर आरोप हैं, और उन्हें निर्दोष साबित करने की कोई भी कोशिश जमानत और बेगुनाही के बीच के अंतर को धुंधला कर सकती है। मान के समर्थकों का तर्क है कि मुख्यमंत्री सिर्फ न्यायिक प्रक्रियाओं में विश्वास जता रहे थे, जबकि आलोचक उनके शब्दों को अनावश्यक रूप से भड़काऊ मानते हैं।

**बड़े सवालों पर हो रही बहस...** जैसे-जैसे पंजाब इस घटनाक्रम को देख रहा है, मान का एक ट्वीट एक ऐसा माध्यम बन गया है जिसके जरिए बड़े सवालों पर बहस हो रही है - राजनीतिक चर्चा में आध्यात्मिक नेताओं की भूमिका, कार्यकारी भाषण की सीमाएं, और कानूनी प्रक्रिया को राजनीतिक और धार्मिक प्रतीकों से अलग करने की जरूरत।

# चैतन्य करियर कंसल्टेंट के नाम पर 20 लाख की ठगी, मुख्य आरोपी अभिनव डोगरा गिरफ्तार, तीसरे की तलाश जारी

अजीत झा

चण्डीगढ़, यूटर्न, 4 फरवरी। विदेश भेजने के नाम पर युवकों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चैतन्य करियर कंसल्टेंट से जुड़े एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अब तक 20 लाख रुपये की ठगी का खुलासा हुआ है। पीड़ित पारस नामक युवक विदेश जाने की तैयारी के तहत चैतन्य करियर कंसल्टेंट में आईल्ट्स की कक्षाएं ले रहा था। इसी दौरान उसकी पहचान संस्थान से जुड़े अभिनव डोगरा से हुई। बातचीत के दौरान अभिनव डोगरा ने अपने पार्टनर गुलशन त्यागी और सिमरनजीत बल के साथ मिलकर विदेश भेजने का भरोसा दिया।



पीड़ित के अनुसार, उसे चंडीगढ़ के सेक्टर-17 में बुलाया गया, जहां आरोपियों ने विदेश भेजने के बदले 20 लाख रुपये खर्च होने की बात कही। झांसे में आकर पीड़ित ने पूरी रकम आरोपियों को सौंप दी। इसके बाद आरोपी लगातार 'आज-कल' कहकर टालमटोल करते रहे और विदेश भेजने की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की। लंबे समय तक इंतजार के बाद जब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ, तो उसने थाना सेक्टर-17, चंडीगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर नंबर 0160 दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस कार्रवाई में पहले ही मुख्य आरोपी गुलशन त्यागी को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, अब पुलिस ने मोहाली से दूसरे आरोपी अभिनव डोगरा को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि तीसरे आरोपी सिमरनजीत बल की तलाश जारी है और उसे भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि कहीं इस गिरोह ने अन्य युवकों के साथ भी इसी तरह की ठगी तो नहीं की।

# केंद्रीय बजट में पंजाब की अनदेखी, बाढ़ पीड़ितों और टरटए सेक्टर को कोई राहत नहीं: निधि गुप्ता

लुधियाना, यूटर्न, 03 फरवरी। भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को लेकर पंजाब में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। आम आदमी पार्टी की लुधियाना शहरी सेक्रेटरी और वार्ड नंबर 19 से पार्षद निधि गुप्ता ने बजट को 'पंजाब विरोधी' करार देते हुए कहा कि इसमें न तो बाढ़ से तबाह हुए पंजाब के लिए कोई स्पेशल इकोनॉमिक पैकेज रखा गया और न ही राज्य की टरटए इंडस्ट्री को कोई ठोस राहत दी गई। निधि गुप्ता ने कहा कि पिछले वर्ष आई भीषण बाढ़ से पंजाब में जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। हजारों परिवार प्रभावित हुए, घर ढह गए और किसानों व पशुपालकों को गंभीर क्षति उठानी पड़ी। राज्य सरकार ने केंद्र से विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की थी, लेकिन केंद्र सरकार ने इस मांग को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि मंदी से जूझ रही पंजाब की टरटए इंडस्ट्री को भी बजट में निराशा ही हाथ लगी। न तो GST रिफंड प्रक्रिया को तेज करने के लिए कोई विशेष प्रावधान किया गया और न ही अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कोई टैक्स छूट या इंसेंटिव घोषित किया गया।



# 'घर-घर संविधान' अभियान को मिला जनसमर्थन, धर्मवीर राणा के नेतृत्व में डोर-टू-डोर जनजागरण

चण्डीगढ़, यूटर्न, 4 फरवरी। संविधान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'घर-घर संविधान' अभियान को आज व्यापक समर्थन मिला। अभियान का कुशल नेतृत्व माननीय प्रधान धर्मवीर राणा एवं पूर्व चेयरमैन समदर्शी वेद ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में महासचिव विजेंद्र डुलगच, चेयरमैन रणवीर सिंह, नरेश काकड़ा, अनिल दुबे, काला, संजू लोहट, मोनू सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं महिला शक्ति की ओर से



गीत/शक्तिमान मोनिका नागर, लता, सुरजीत, भजनलाल सहित अन्य महिला साथियों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डोर-टू-डोर अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने लोगों को संविधान के मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। सभी साथियों की सक्रिय भागीदारी से अभियान को नई मजबूती मिली और आमजन में संविधान के प्रति जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचा। अभियान के आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह जनसंपर्क और जनसंवाद के माध्यम से संविधान की भावना को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।




## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Res Judicata: एक ही मामले पर दो बार मुकदमा क्यों नहीं चल सकता?**

अदालतों में अक्सर यह कहा जाता है कि 'यह मामला Res Judicata है।' आम पाठक के लिए यह शब्द जटिल लगता है, लेकिन इसका सिद्धांत काफी सरल और व्यावहारिक है। Res Judicata का अर्थ है—जिस विवाद पर अदालत पहले ही फैसला दे चुकी हो, उसे दोबारा उसी रूप में नहीं उठाया जा सकता।

कानून का उद्देश्य विवादों को अंतहीन बनाना नहीं, बल्कि उन्हें अंतिम रूप से सुलझाना है। यदि एक ही पक्ष, एक ही मुद्दे पर बार-बार अदालत का दरवाजा खटखटाए, तो न केवल सामने वाला पक्ष परेशान होगा, बल्कि न्याय व्यवस्था भी बाधित होगी। इसी को रोकने के लिए Res Judicata का सिद्धांत लागू किया गया है।

यह नियम तब लागू होता है, जब पहले मुकदमे में वही पक्ष हों, वही मुद्दा हो और सक्षम अदालत ने उस पर अंतिम निर्णय दे दिया हो। ऐसी स्थिति में दूसरा मुकदमा न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग माना जाता है, चाहे वह अलग शब्दों में या थोड़ा बदले हुए रूप में ही क्यों न दायर किया गया हो।

Res Judicata का मतलब यह नहीं है कि हर नया विवाद रोका जाएगा। यदि कोई नया तथ्य सामने आता है, या नया अधिकार पैदा होता है, तो अदालत उस पर विचार कर सकती है। लेकिन पुराने विवाद को नए आवरण में पेश करना कानून स्वीकार नहीं करता।

इस सिद्धांत का मकसद किसी का मुँह बंद करना नहीं, बल्कि न्यायिक निश्चितता बनाए रखना है। एक बार विवाद का निपटारा हो जाए, तो दोनों पक्ष अपने जीवन और कामकाज में आगे बढ़ सकें—यही कानून की सोच है।

निष्कर्ष: Res Judicata न्यायिक स्थिरता का आधार है। यह सुनिश्चित करता है कि एक ही विवाद बार-बार अदालतों में न घूमे। न्याय तभी प्रभावी होता है, जब फैसले अंतिम हों—और Res Judicata इसी अंतिमता की रक्षा करता है।

# मां बगलामुखी की उपासना व गुरूवर की कृपा से प्राप्त होती है ब्रह्मांड की हर शक्ति : भाई दविन्द्र सूद जी









लुधियाना, यूटर्न, 04 फरवरी। मां बगलामुखी की उपासना व गुरूवर की कृपा के साथ ब्रह्मांड की हर शक्ति प्राप्त होती है। मां की उपासना भय, भ्रम, और सभी प्रकार के नकारात्मक विचारों का नाश करती हैं। उपरोक्त उदगार श्री राम शरणम्‌ दरेसी प्रमुख भाई दविन्द्र सूद जी ने पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण जी के सानिध्य में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते कहे। महंत प्रवीण जी ने 11 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ की जानकारी देते हुए कहा कि देश भर के प्रसिद्ध भजन गायक व धाम के सेवक मां बगलामुखी की महिमा का गुणगान करेगें। वही इसके साथ साथ प्रतिदिन धर्म प्रचार के साथ साथ सामाजिक सेवा का महाकुंभ चलेगा। मां बगलामुखी को संकटमोचन बताते हुए महंत प्रवीण जी ने कहा कि चाहे आप अपने व्यक्तिगत या व्यावसायिक जीवन में चुनौतियों का सामना कर रहे हों, मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करने से उन चुनौतियों से पार पाने की शक्ति और साहस मिलता है। और उन्हें बाधाओं को दूर करने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त मां बगलामुखी धाम के मुख्य सेवादार मनप्रीत छतवाल की देखरेख में सेवक नवनजोत छतवाल,कर्ण शांडिल्या,सुनील महाजन,रमन घई,जतिन्द्र सूद,मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह,प्रशोतम चौधरी,बौबी मक्कड,गुनीत खेड़ा, गौतम सचदेवा दिनेश रल्ली, नरेन्द्र महाजन ,इकबाल सिंह, वरुण दत्त , अजय जैन, राहुल व अन्य सदस्यों ने पीएयू के रजिस्ट्रार रिशीपाल सिंह,समाजसेवी गुलशन टंडन,प्रतीक टंडन,अशोक,विशाल,चेतन टंडन सहित मां बगलामुखी के भक्तों,धार्मिक,सामाजिक व राजनितिक प्रतिनिधियों को 243 घंटे के अखंड महायज्ञ ( महाकुंभ) का निमंत्रण भेंट किया है। मां बगलामुखी धाम के मुख्य सेवादार मनप्रीत छतवाल ने कहा कि मां बगलामुखी की पूजा-अर्चना करने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।



## रूह से रूबरू




चारु नागपाल

## काश! बॉर्डर 2 जैसी कहानी हकीकत बन पाती

अगर काश बॉर्डर 2 फिल्म की तरह सनी देओल जैसा कोई जाँबाज योद्धा सच में पैदा होता, तो पूरे देश का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता। ऐसा नायक जो सिर्फ ताकत से नहीं, बल्कि सच्चाई, साहस और देशप्रेम से लड़ता। जो सीमा पर डटे हमारेसैनिकों का हौसला बनता और देश की ओर बुरी नजर रखने वालों को यह संदेश देता कि भारत कमजोर नहीं है। ऐसा योद्धा नफरत नहीं फैलाता, बल्कि अन्याय के खिलाफ खड़ा होता। वह कानून, अनुशासन और एकता के साथ देश की रक्षा करता। उसकी ताकत सिर्फ हथियारों में नहीं, बल्कि उसके इरादों में होती। वह युवाओं को यह सिखाता कि असली देशभक्ति शोर मचाने में नहीं, बल्कि देश के लिए ईमानदारी से काम करने में है। हालाँकि फिल्मों के हीरो कल्पना होते हैं, लेकिन हमारे असली हीरो हमारे सैनिक, डॉक्टर, शिक्षक और ईमानदार नागरिक हैं, जो हर दिन देश को सुरक्षित और मजबूत बनाते हैं। अगर हम सभी अपने-अपने स्तरपर सच्चाई और जिम्मेदारी निभाएँ, तो हर भारतीय अपने आप में बॉर्डर का हीरो बन सकता है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बीआरएस नगर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया



लुधियाना, यूटर्न, 04 फरवरी। डीएवी पब्लिक स्कूल बीआरएस नगर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को बड़े उत्साह और वैज्ञानिक भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और यह संदेश देना था कि 'विज्ञान एक प्रगतिशील राष्ट्र की रीढ़ है।' स्कूल परिसर में रचनात्मकता, जिज्ञासा और नवाचार का वातावरण देखने को मिला। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने इंटर-हाउस प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें वैज्ञानिक कहानी वाचन, वैज्ञानिक कविता पाठ, क्विज-ओ-मैटिक, हैंड्स-ऑन प्रयोग और वैज्ञानिक रंगोली जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज और प्रयोगात्मक गतिविधियों में उनकी विश्लेषण क्षमता नजर आई, जबकि कविता, कहानी और रंगोली में विज्ञान की रचनात्मक प्रस्तुति देखने को मिली।

प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कहानी वाचन में प्रज्ञा, श्रुति सिंगला और सोनाक्षी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कविता में अनिका राणा, सामिएरा और अकाल सिमरजोत कौर सिद्धू विजेता रहीं। रंगोली और क्विज प्रतियोगिताओं में भी विभिन्न हाउसों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल की प्रिंसिपल जे.के. सिद्धू ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक सोच और नवाचार की भावना पैदा करते हैं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ, जिससे उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और टीमवर्क को बढ़ावा मिला।

# बख्शी ट्रैवल पर फिरौती के लिए फायरिंग का मामल, पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का किया था दावा

## लुधियाना मे रहने वाले दो आरोपी काबू, पिस्टल और कारतूस बरामद





नवीन गोगना

नकोदर/लुधियाना, यूटर्न, 4 फरवरी। पिछले साल नवंबर में बख्शी ट्रैवल को विदेशी नंबर से फिरौती के लिए कॉल आने और फिर इस साल जनवरी में उस पर फायरिंग किए जाने के मामले में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू कर उनके पास से हथियार बरामद किए हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी जालंधर ग्रामीण एस. हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार टीमें गठित कर काम किया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बख्शी ट्रैवल पर हमला करने वाले आरोपी एक बार फिर नकोदर से चक्कमंगली रोड की ओर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर एसएसपी ने स्वयं टीम का गठन किया, जिसमें डीएसपी ओंकार



सिंह बराड़, डीएसपी इंदरजीत सिंह सैनी, सीआईए इंचार्ज इंस्पेक्टर पुष्प बाली, एसआई हरमिंदर सिंह (एसएचओ सिटी नकोदर) और एसआई दिलबाग सिंह की टीमें शामिल थीं। एजीटीएफ के साथ संयुक्त ऑपरेशन चलाते हुए नूरमहल से चक्कमंगली रोड के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों ने रुकने के बजाय पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग से एक आरोपी अंकित कुमार को गोली लगी, जबकि दूसरे आरोपी हरिंदर गुप्ता के पैर में फ्रैक्चर हो गया। दोनों को काबू कर इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। आरोपियों के कब्जे से .30 बोर की एक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पहले से दर्ज एफआईआर में नामजद थे और रंगदारी न मिलने के कारण शिकायतकर्ता को लगातार निशाना बना रहे थे।

आरोपी अंकित, मूल रूप से सीतामढ़ी (बिहार) का रहने वाला है और फिलहाल बस्ती जोधेवाल, लुधियाना में रह रहा था। वहीं दूसरा आरोपी हरिंदर गुप्ता गोरखपुर का मूल निवासी है और इस समय जगत नगर, लुधियाना में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और इसमें शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्लाडा की तीन अवैध कॉलोनियां पर कार्यवाही या भष्टाचर्र का शुरूआत

लुधियाना, यूटर्न, 04 फरवरी। बुधवार को ग्लाडा के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार के निर्देशों पर ग्लाडा के रेगुलेटरी विंग ने बुधवार को गांव माणकवाल और महिमूदपुरा क्षेत्र में बनी तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। लेकिन हैरानी जनक बात यह रही की इनमें से एक भी कलोनी एवं डिवैल्पर का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया। जिससे बाजार में चचाएं गर्म रही। जानकारी के अनुसार संबंधित डेवलपर्स को पहले ही नोटिस जारी किए गए थे, इसके बावजूद उन्होंने गैर-कानूनी निर्माण कार्य बंद नहीं किया। इसके बाद ग्लाडा की विशेष टीम ने सीलिंग व तोड़फोड़ अभियान चलाया, जो बिना किसी विरोध के सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ग्लाडा ने इन डेवलपर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश भी की है।

ग्लाडा के प्रवक्ता ने बताया





कि अवैध और बिना योजना वाले विकास के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि उन लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है, जो सस्ते प्लॉट देने के नाम पर मासूम लोगों को ठग रहे हैं, जबकि उनके पास कोई कानूनी मंजूरी या सरकारी नियमों का पालन नहीं है। मुख्य प्रशासक संदीप कुमार ने आम जनता से अपील की कि वे अनधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट, संपत्ति या इमारतें न खरीदें, क्योंकि वहां पानी, सीवरेज और बिजली जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत और नियमित कॉलोनियों की सूची उनके नक्शों सहित ग्लाडा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे खरीद से पहले जरूर जांचें।



**चर्चा जम कर हो रही धांधलियां...**चचाएं है की ग्लाडा की कार्यवाही हांथी के दांत खाने को और दिखने को और जैसी प्रतीत हो रही है। चचाओं अनुसार ग्लाडा में भ्ष्टार्चार का बोल बाला है बुधवार को जिन कलोनियों को अवैध बता कार्यवाही की गई है उन कलोनियों और उनके डिवैल्पररों के नाम तक सार्वजनिक नहीं किए गए जिससे शंका होती है ही यह सब आँखों में धूल झोंकी जा रही है। जबकि अगर ग्लाडा कलोनियों एवं डिवैल्परों के नाम सार्वजनिक करती तो अवैध निर्माण करने वालों की बदनामी होती इससे भविष्य में गलत काम करने की सोच रखने वालों के दिलों में डर का माहौल कायम होता। चचाओं की माने तो नाम छिपाने के पीछे अधिकारीयों द्वारा निजी स्वार्थों को अंजाम देने की मंशा है इस तरह की कार्यवाही के बाद व्यापारी विचौलियों के जरिए सैटिंग कर फिर से काम पर लग जाते है।

# 35 फुट सड़क को लेकर रविंद्रा एनक्लेव में दूसरे दिन भी तनाव, पुलिस की मौजूदगी में हालात काबू में



जीरकपुर, यूटर्न, 04 जनवरी। बलटाना स्थित रविंद्रा एनक्लेव में 35 फुट चौड़े रास्ते को लेकर चल रहा विवाद लगातार दूसरे दिन भी शांत नहीं हो सका। मंगलवार के बाद बुधवार को भी स्थानीय निवासियों और जमीन मालिक पक्ष के बीच करीब तीन से चार घंटे तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा, जिसकी मौजूदगी में हालात पर काबू पाया जा सका।

> हमारी सरकार के समय इसका प्रस्ताव भी पास हुआ था और टेंडर भी अलॉट हो गए थे। बस काम शुरू होना बाकी था। अब सरकार बदल गई है, इसलिए जो भी कहा जा रहा है, वह सब हवा-हवाई है।
>
> – उदयवीर ढिल्लो, अध्यक्ष, नगर परिषद, जीरकपुर

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह रास्ता कॉलोनी के नक्शे में 35 फुट चौड़ी सड़क के रूप में दर्ज है और वर्षों से लोग इसी मार्ग का उपयोग करते आ रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि जमीन की सफाई के बहाने अचानक रास्ता बंद करने की कोशिश की जा रही है। विरोध में बड़ी संख्या में महिलाएं भी सड़क पर उतर आई।

स्थानीय महिला निवासी डिंपल, सुमन राणा और संगीता चौहान ने कहा कि यदि सफाई कार्य किया जाना था तो पहले से कॉलोनीवासियों को सूचना दी जानी चाहिए थी और वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था करनी चाहिए थी। अचानक रास्ता बंद किए जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

समाजसेवी प्रताप सिंह राणा ने बताया कि रविंद्रा एनक्लेव से ट्रिब्यून कॉलोनी तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव वर्ष 2016 में पास हुआ था और 2023 में इसे दोबारा रिवाइज कर करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये का टेंडर भी अलॉट किया गया था। हालांकि अब तक काम शुरू नहीं हो पाया। उनका आरोप है कि सरकार बदलने के बाद यह मामला लटक गया और अब जमीन मालिक इसे निजी जमीन बता रहा है। वहीं जमीन मालिक के केयरटेकर ने दावा किया कि संबंधित भूमि सीलम सोई की पुश्तैनी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि सभी वैध दस्तावेज, फर्द और जीपीएस मैपिंग उनके पास मौजूद हैं और यहां किसी प्रकार का सार्वजनिक 35 फुट चौड़ा रास्ता नहीं है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर पहुंचकर स्थिति स्पष्ट की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े टकराव की आशंका को टाला जा सके। इस मामले में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी से प्रतिक्रिया लेने के लिए फोन किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## रविंद्रा एनक्लेव वेलफेयर सोसाइटी ने कार्यकारी अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

रविंद्रा एनक्लेव वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान सुरेश खटकड़ के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि 35 फुट चौड़ी सड़क का मता दो बार पास हो चुका है और एक बार उद्घाटन भी किया गया था। वर्ष 2016 और 2023 में करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये का बजट भी स्वीकृत हुआ और टेंडर अलॉट किया गया, लेकिन अब तक सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने नगर परिषद से कागजात जांच कर जल्द उचित कदम उठाने की मांग की। इस संबंध में कार्यकारी अधिकारी से फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### जालंधर कोर्ट द्वारा लुधियाना सीपी को नशा तस्करी केस में समन जारी करने का मामला

# हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेशों पर लगाई रोक, कहा झ्र समबद्ध मामलों में उच्च अधिकारियों को बेवजह बुलाना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग

## हाईकोर्ट ने कहा मीडिया द्वारा अधूरी जानकारी पर खबरें चलाकर छवि खराब करना गलत

लुधियाना/यूटर्न/4 फरवरी। जालंधर की ट्रायल कोर्ट द्वारा एक एनडीपीएस एक्ट के केस में लुधियाना पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा को बतौर डिफेंस गवाह समन जारी करके पेश होने के लिए कहा गया था। इस मामले में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर स्टे लगा दिया है। हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि बिना ठोस कारण के वरिष्ठ अधिकारियों को कोर्मेट घसीटना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग और ट्रायल में देरी करने की कोशिश है। जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की बेंच ने इसे नशा विरोधी अभियानों को कमजोर करने वाला कदम बताया। जस्टिस जसजीत सिंह बेदी ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि केवल सीसीटीवी फुटेज जैसे छोटे कारणों के लिए किसी उच्च अधिकारी को बुलाने की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ अधिकारियों को बेवजह अदालतों में बुलाना समय की बर्बादी है, खासकर उन मामलों में जो समय-बद्ध हैं।






### अधिकारी केस की जांच का हिस्सा नहीं, ट्रायल लटकाने का उद्देश्य

हाई कोर्ट ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि जालंधर की ट्रायल कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर की उपस्थिति के लिए जमानती वारंट तक जारी कर दिए थे। बेंच के अनुसार, जो अधिकारी न तो जांच का हिस्सा थे और न ही गवाहों की सूची में शामिल थे, उन्हें केवल ट्रायल लटकाने के उद्देश्य से नहीं बुलाया जा सकता।

### उपस्थिति के लिए अड़े रहना गलत

सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि सीपी लुधियाना स्वपन शर्मा ने अपनी व्यस्तता और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश होने का अनुरोध किया था। हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए था, लेकिन उपस्थिति पर अड़े रहना न्यायिक सूझ-बूझ के विपरीत है।

### मीडिया आधूरी जानकारी पर कर रहा छवि खराब

हाईकोर्ट ने मीडिया रिपोर्टिंग पर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि अधूरी जानकारी और अटकलों के आधार पर खबरें चलाकर वरिष्ठ अधिकारियों की छवि खराब करने की कोशिश की गई, जो समाज और मीडिया की पारदर्शिता के लिए सही नहीं है। दरअसल, जालंधर ट्रायल कोर्ट द्वारा जब सीपी स्वपन शर्मा के समन जारी किए तो मीडिया द्वारा धड़ल्ले के साथ खबरें चला दी गई थी। जिस पर हाईकोर्ट द्वारा टिप्पणी की गई है।

# कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं, सिर्फ झूठी बयानबाजी: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़, यूटर्न, 04 फरवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है और वह केवल झूठी बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की तीसरी पारी के दौरान पेश किया गया आम बजट देश को विकसित भारत की ओर तेजी से ले जाने वाला है। हरियाणा निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना बजट पढ़े ही विपक्षी नेता केवल ह्नहाजिरी लगानेह्न के लिए बयान दे रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ नेता बजट पेश होने से पहले ही ट्वीट कर देते हैं, जो उनकी गैर-जिम्मेदार राजनीति को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बजट का मतलब केवल लोकलुभावन घोषणाएं और भ्रष्टाचार था, जिससे गरीब वर्ग को निराशा ही हाथ लगती थी। वहीं मोदी सरकार के बजट में विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और हर वर्ग के उत्थान को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के दौरान 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।



राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता कभी संविधान तो कभी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हैं, लेकिन अपने शासनकाल के विकास कार्यों का हिसाब नहीं देते।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास जताया कि जनता कांग्रेस को नकार चुकी है और आने वाले समय में पंजाब और बंगाल में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

# सुनहरी यादों के संग न्यू हाई स्कूल 1981 बैच का भव्य रीयूनियन



लुधियाना, यूटर्न, 04 फरवरी। न्यू हाई स्कूल के वर्ष 1981 बैच के पूर्व छात्रों का भव्य रीयूनियन गेट-टुगेदर रविवार को बड़े उत्साह और अपनापन भरे माहौल में आयोजित किया गया। इस खास मिलन समारोह का आयोजन उमंग जोशी, मनोज गुप्ता, अरविंद नैयर, दीपक पाहवा और सुनील सैनी (सीए) के सहयोग से किया गया, जिसमें लंबे समय बाद साथी एक-दूसरे से मिलकर भावुक हो उठे। कार्यक्रम में चंदर मोहन, रमन, रवि कपूर, संजीव लूम्बा, मंदीप सिंह, रणदीप, संजीव बग्गा, गुरचरण सिंह, प्रगराज, ऋतु पदम, पूनम, बिंदु बंसल, अरविंदर, शबनम, सुमन, सारिका, निशा, नीरज सहित अन्य सदस्यों ने शिरकत की। सभी ने स्कूल के दिनों की सुनहरी यादों को ताजा किया और पुराने किस्से साझा किए। रीयूनियन में हंसी-मजाक, संगीत और फोटो सेशन ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। साथियों ने कहा कि वर्षों बाद मिलकर ऐसा लगा जैसे समय पीछे लौट आया हो। सभी ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया और आयोजन को यादगार बताया।

## व्यापारियों को त्वरित राहत के लिए तीन-स्तरीय व्यवस्था, 10-11 फरवरी को जिला शिविर: हरपाल सिंह चीमा



चंडीगढ़, यूटर्न, 04 फरवरी। पंजाब में व्यापार करने में आसानी को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज पंजाब राज्य व्यापारी आयोग (पीएसटीसी) की उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पंजाब भवन में आयोजित इस बैठक का मुख्य फोकस व्यापारी समुदाय से सीधा संवाद, प्रभावी शिकायत निवारण और जिला स्तर पर तकनीकी सशक्तिकरण रहा। पीएसटीसी के चेयरमैन के रूप में संबोधित करते हुए मंत्री चीमा ने कहा कि राज्य सरकार एक मजबूत तीन-स्तरीय व्यवस्था विकसित कर रही है, जिससे प्रत्येक व्यापारी की समस्या तक प्रशासन की सीधी पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिला व्यापार समिति के चेयरमैनों को निर्देश दिए कि वे व्यापारियों से सक्रिय संपर्क बनाए रखें और जमीनी स्तर की समस्याओं पर फीडबैक एकत्र करें। मंत्री ने 10 और 11 फरवरी को विशेष जिला-स्तरीय शिविर आयोजित करने की घोषणा करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर हल हो सकने वाली शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाएगा, जबकि जटिल मामलों को राज्य आयोग के समक्ष भेजा जाएगा। बैठक में पीएसटीसी उप-चेयरमैन अनिल ठाकुर, वित्तीय आयुक्त कराधान अजीत बालाजी जोशी और कराधान आयुक्त जतिंदर जोरवाल उपस्थित रहे।

# पंजाब वक्फ बोर्ड रेंट कलेक्टर-चपरासी रिश्वत लेते अरेस्ट, जमीन लीज रिन्यूअल के बदले लिए 18 हजार रुपए

जालंधर/यूटर्न/4 फरवरी। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने गढ़शंकर स्थित पंजाब वक्फ बोर्ड के रेंट कलेक्टर मोहम्मद यासीन और एक संविदा चपरासी मोहम्मद तालीम को 18 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बलाचौर निवासी एक किसान की शिकायत पर की गई, जिससे जमीन की लीज रिन्यूअल के बदले पैसों की मांग की जा रही थी।




विजिलेंस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। यह पूरा मामला शहीद भगत सिंह नगर (एसबीएस नगर) के बलाचौर निवासी एक किसान की शिकायत से जुड़ा है। किसान ने बताया कि उसने 2018 से 2021 तक तहसील बलाचौर के गांव भट्ठी में वक्फ बोर्ड की 10 कनाल जमीन लीज पर ली थी।

**2021 में लीज की समय समाप्त हुआ था...**साल 2021 में जब लीज की अवधि समाप्त हुई, तो शिकायतकर्ता ने इसके नवीनीकरण (रिन्यूअल) के लिए रेंट कलेक्टर मोहम्मद यासीन से संपर्क किया। आरोप है कि यासीन ने लीज की फाइल तैयार करने के बदले किसान से 50,000 रुपये की रिश्वत मांगी। जब किसान ने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, तो सौदेबाजी के बाद रिश्वत की रकम घटाकर 20 हजार रुपए तय की गई। इसमें से आरोपी यासीन ने 2,000 रुपए मौके पर ही ले लिए थे और बाकी के 18,000 रुपए बाद में देने को कहा था।

**किसान विजिलेंस ब्यूरो को की शिकायत...**किसान ने इस पूरी बातचीत को सबूत के तौर पर रिकॉर्ड कर लिया और इसकी शिकायत विजिलेंस ब्यूरो को कर दी। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद, विजिलेंस की टीम ने एक ट्रैप लगाया। योजना के मुताबिक, जैसे ही दोनों आरोपियों ने सरकारी गवाहों की मौजूदगी में किसान से बाकी के 18,000 रुपए लिए, विजिलेंस ब्यूरो की एसबीएस नगर टीम ने उन्हें रंगे हाथों दबोच लिया। विजिलेंस थाना जालंधर में आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

# जिला पुलिस का ड्रग तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान जारी - जिला पुलिस प्रमुख

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/4 फरवरी। राज्य सरकार द्वारा ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के फेज-2 के तहत, बठिंडा पुलिस लगातार ड्रग तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ असरदार कार्रवाई कर रही है ताकि पूरे जिले को ड्रग-फ्री बनाया जा सके। यह जानकारी बठिंडा की सीनियर पुलिस सुपरिटेंडेंट डॉ. ज्योति यादव बैंस ने शेयर की। जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि सब-डिवीजन सिटी-2 के पंजाब पुलिस थाना सिविल लाइन, बठिंडा के एरिया में बलविंदर सिंह उर्फ काका निवासी पक्का धोबियाना बस्ती, बठिंडा द्वारा एक बिल्डिंग गैर-कानूनी तरीके से बनाई गई थी। इस संबंध में, सक्षम अधिकारी डिप्टी कमिश्नर कम मजिस्ट्रेट से तोड़फोड़ के दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश मिले थे। जिसके बाद सिविल एडमिनिस्ट्रेशन ने एक्शन लेते हुए इस बिल्डिंग को गिरा दिया। इस मौके पर बताया गया कि पंजाब सरकार के निर्देश पर वॉर ऑन ड्रग्स मिशन के तहत जिले में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। उनके खिलाफ ड्रग्स और दूसरे गंभीर अपराधों के तहत केस दर्ज किया गया है। अब तक सिविल एडमिनिस्ट्रेशन ने बठिंडा पुलिस की मदद से 14 गैर-कानूनी बनी बिल्डिंगों को गिरा दिया है।



# वार्ड नंबर 13 में 5 करोड़ रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य का शुभारंभ

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/4 फरवरी। शहर के विकास कार्यों को गति देते हुए नगर निगम बठिंडा के महापौर पदमजीत सिंह मेहता ने वार्ड नंबर 13 में स्थित कैंट रोड, रिंग रोड के समीप रामलीला ग्राउंड से करीब 5 करोड़ रुपये की लागत वाले इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर महापौर ने वार्ड की माताओं-बहनों के हाथों टक लगवाकर कार्य की विधिवत शुरूआत करवाई।



अमृतपाल सिंह पाली, गुरबिंदर सिंह, मनजीत मौड़, वरिंदर की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इलाका निवासी उपस्थित थे। महापौर मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि करीब 15 वर्षों के बाद आज इस क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य शुरू हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और इलाके की सूरत बदलेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार द्वारा पंजाब को समस्यामुक्त और नशामुक्त बनाकर रंगला पंजाब बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। आम जनता की जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

# बेटे की बेइज्जती से आहत पिता ने किया सुसाइड, पड़ोसियों ने युवक को पीटा था

पंजाब/यूटर्न/4 फरवरी। गुरदासपुर में पड़ोसियों द्वारा बेटे की पिटाई और बेइज्जती से आहत होकर एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ



केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरदासपुर के मोहल्ला ओंकार नगर मे एक प्रभावशाली परिवार में विवाह समारोह चल रहा था। इस दौरान ई-रिक्शा चलाने वाले लव ने गली में गाड़ियों को खड़ा देखकर अपनी ई-रिक्शा वहां से निकालने की कोशिश की, लेकिन जगह कम होने के चलते ई-रिक्शा नहीं निकल रहा था तो उसने शादी वाले घर में जाकर गाड़ियां साइड करने के लिए कहा। बताया जाता है कि, इसी बात पर शादी वाले घर के चार-पांच लोगों ने ई-रिक्शा चालक युवक लव की बुरी तरह पिटाई शुरू कर दी। इतने में ई-रिक्शा चालक युवक के पिता राजिंदर कुमार भी बाहर आ गए। बेटे की पिटाई होते देख वह हमलावारों से मिन्नते करने लगा कि उसके बेटे को छोड़ दो, लेकिन सभी लड़कों ने पिता के सामने ही उसके बेटे की जमकर पिटाई की और दोनों को बइज्जत किया।

# जिला परिषद चुनावों में पटियाला पुलिस की वायरल कथित, ऑडियो की जांच करेगी चंडीगढ़ सीएफएसएल, हाईकोर्ट ने जारी किए ऑर्डर




पंजाब/यूटर्न/4 फरवरी। पंजाब की पटियाला पुलिस की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग जिला परिषद व ब्लॉक समिति चुनाव से पहले वायरल हुई थी। इस मामले की आज पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया। साथ ही साफ किया कि इस वायरल ऑडियो की जांच सीएफएसएल (केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला) चंडीगढ़ में होगी। साथ ही पुलिस को इस मामले में एक्शन करना होगा। हालांकि इससे पहले अकाली दल ने पुलिस के दावों पर सवाल उठाए थे। अकाली दल ने कहा था कि पुलिस ने इसे फेक करार दे दिया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्होंने किस लैब या एजेंसी से इसकी जांच कराई है। बता दें कि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल ने एक कॉल रिकॉर्डिंग अपने अकाउंट से पोस्ट की थी। सुखबीर बादल ने दावा किया था कि यह कॉल रिकॉर्डिंग पटियाला पुलिस की कॉन्फ्रेंस कॉल पर हुई मीटिंग की है, जिसमें पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा डीएसपी को अकाली उम्मीदवारों के साथ नामांकन के वक्त धक्केशाही करने के लिए कह रहे हैं। रिकॉर्डिंग में एसएसपी पुलिस अधिकारियों से कहते हुए सुने जा रहे हैं कि नामांकन पत्र छीनना, फाड़ना या जो भी करना हो, उम्मीदवारों के घर, गांव या रास्ते में करो। नामांकन केंद्रों में इस तरह की कोई हरकत नहीं होनी चाहिए। हालांकि उस समय पटियाला पुलिस ने इसे एआई से बनाया गया फेक वीडियो कहकर खारिज कर दिया था।

# Rahul Vs Bittu: रवनीत बिट्टू का राहुल गांधी पर तीखा हमला: 'मैं सिखों को मारने वाले परिवार से हाथ नहीं मिलाता'

लुधियाना, यूटर्न, 4 फरवरी। लोकसभा में लगातार हंगामे के बीच बुधवार को संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय राज्य मंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर टिप्पणियां कीं। जहां राहुल गांधी ने रवनीत बिट्टू को गद्दार दोस्त कहा, वहीं भाजपा सासंद राहुल गांधी को 'देश का दुश्मन' बताते नजर आए।




## अगर मैं भाजपा में हूं तो आपको तकलीफ है...'

रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, ₹वे समझते हैं कि सबसे बड़े देशभक्त हम ही हैं। मेरे पिता जी ने शहादत दी... मेरी पार्टी में यही लड़ाई थी कि आपके लगाए आग में हमारे गुरुद्वारा में गोली चली, स्वर्ण मंदिर में। हजारों सिखों को इन्होंने निशाना बनाकर कत्ल कराया। अगर राजीव गांधी का नाम शहीद में आता है तो सरदार बेअंत सिंह भी कहना पड़ता है। मैं उस परिवार से आता हूं ये तकलीफ है। अगर एक शहीद का पोता आपके( राहुल गांधी ) साथ था तो ठीक था, अगर मैं भाजपा में हूं तो आपको तकलीफ है...जब उन्होंने ये कहके हाथ मिलाने आगे बढ़ाया तो मैंने कहा कि आप देश के गद्दार हो जो रोज सेना के खिलाफ बात करते हैं...मेरा गांधी परिवार के वारिस के साथ हाथ नहीं मिलेगा।

रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, ये सिख को हमेशा निशाना बनाते रहे हैं, उसी तरीके से आज वे शब्द बोले। बाकी सांसद थे किसी ने कुछ नहीं कहा। हम सहकर्मी हैं रोज मिलते हैं लेकिन किसी ने कुछ नहीं कहा... राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं पता नहीं आज उन्हें क्या हुआ था क्या गुस्सा लेकर मन में बैठे थे... ये बोल कर उन्होंने हाथ आगे किया तो मैंने कहा कि आप मेरी बात छोड़िए आप क्या हैं? आप देश के सबसे बड़े गद्दार हैं और सिखों के कातिल हैं। बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार ने ही पंजाब में ( 1984 के दंगे ) आग लगाई थी। हजारों सिखों को निशाना बनाया गया। गोल्डन टेंपल में गुरु ग्रंथ साहिब जी के अंगों पर गोलियां चली। हमारी बहनों-माताओं का मर्डर तक करवाया गया। गांधी परिवार सिखों का कातिल है। बिट्टू ने कहा जब तक मैं आपके साथ ( कांग्रेस पार्टी में ) था तब तक मैं ठीक था, अब मैं भाजपा में हूं तो आप मुझे गद्दार कह रहे हैं। राहुल गांधी ने हाथ ऐसे आगे किया जैसे कोई राजा या शहंशाह हो। वो खुद को इस देश के मालिक समझते हैं। जब उन्होंने हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़ाया तो मैंने कह दिया कि आप भी गद्दार हो और देश के दुश्मन हो। आप देश के खिलाफ और सेना के खिलाफ बात करते हो। सिखों के कातिल और हमारे गुरुद्वारों पर हमला कराने वाले गांधी परिवार के वारिस के साथ ये सरदार हाथ नहीं मिलाएगा।

## उनकी फिटनेस अच्छी है, लेकिन मेरा हाथ हमारा भी भारी'

बाद में इस पूरे प्रकरण पर बात करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, 'स्पीकर साहब तो सदन के कस्टोडियन (संरक्षक) हैं। वह मालिक हैं, और कहां जाएगा आदमी? यहां पर अगर ये चीजें होगी और उनकी अच्छी फिटनेस है, हाथ हमारा भी भारी ही होता है, हल्का नहीं होता, लेकिन यह हमारा राजनीति में काम नहीं है। हमें जो भी बात करनी है, वह लहजे और लिहाज से करनी है, सही तरीके से करनी है। संसदीय भाषा में बात करनी चाहिए। ये लोग आज ताकत के बगैर मतलब गुंडागर्दी तक उतर आए हैं। इन्हें जनता देखेगी कि इनके साथ क्या करना है। ये करते क्या है, इनकी सोच क्या है। आज सामने आ गई।'

## क्या है पूरा मामला ?

संसद भवन की सीढ़ियों पर खड़े होकर राहुल गांधी निलंबित सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच, रवनीत सिंह बिट्टू वहां से गुजर रहे थे। बिट्टू को देखते हुए राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी और उन्हें 'गद्दार दोस्त' कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा, ₹मेरा गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, वापस आऊंगा। राहुल गांधी ने आगे बढ़कर रवनीत सिंह बिट्टू से हाथ मिलाने की भी कोशिश की। हालांकि, कांग्रेस सांसदों के सामने रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी से हाथ नहीं मिलाया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए उन्हें 'देश का दुश्मन' बताया। कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए रवनीत बिट्टू संसद भवन के अंदर चले गए। उनके पीछे राहुल गांधी भी चले गए।

## निलंबित सांसदों के समर्थन में प्रदर्शन

कांग्रेस के सांसदों ने बुधवार को संसद भवन की सीढ़ियों पर बैठकर निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन किया। संसद के नियमों का उल्लंघन करने के लिए कांग्रेस के 8 सांसदों पर कार्रवाई हुई है। लोकसभा सांसद गुरजीत सिंह औजला, हिबी इडेन, डीन कुरियाकोस, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, बी. मणिकम टैगोर, डॉ. प्रशांत यादवराव पाडोले, चमाला किरण कुमार रेड्डी और एस. वेंकटेशन को संसद के बाकी सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

# एम सी बागवानी विभाग के कर्मचारियों ने 12 फरवरी की हड़ताल में शामिल होने का ऐलान, तैयारी जोरों पर

पुनीत महाजन

चण्डीगढ़, यूटर्न, 4 फरवरी। सी एम सी हार्टिकल्चर वर्करज यूनियन चण्डीगढ़ ने 12 फरवरी को हो रही हड़ताल में शामिल होने का ऐलान किया है। हड़ताल की तैयारियां जोरों पर है तथा इस संबंध में अलग-अलग बूथों में गेट मीटिंगें व रैलियां जारी हैं। आज बागवानी बूथ सैक्टर 36 में गेट मीटिंग की गई।



गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रधान व फैडरेशन के महासचिव हरकेश चंद ,यूनियन के महासचिव व फैडरेशन के उप प्रधान एम एम सुब्रमण्यम , उप प्रधान बुधराम, कैशियर हरदीप सिंह,देवी सिंह, सोहन लाल आदि ने कहा कि यह हड़ताल आठवें वेतन आयोग की टर्म एंड कंडीशन निर्धारित कर तुरंत प्रभाव से 20% अंतिम राहत देने, 29 लेबर कानून को बदलकर बनाए गए चार लेबर कोडों को रद्द करने, 10 साल पूरे कर चुके सभी प्रकार के अस्थाई कर्मचारियों को पक्का करने तथा पक्का करने तक बराबर काम - बराबर वेतन लागू करने तथा आउटसोर्स कर्मचारी को तुरंत प्रभाव से विभागों के अधीन करने, पी एफ आर डी ए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन बहाल करने ,विभागों का किया जा रहा निजीकरण रोकने, सभी विभागों में खाली पड़ी।

# हलवारा में 55 साल पुराने घर पर चला बुलडोजर, परिवार हाथ जोड़ता रहा; अधिकारियों ने एक नहीं सुनी



लुधियाना /हलवारा, युटर्न 4 फरवरी। लुधियाना के हलवारा के मुल्लांपुर दाखा में मंगलवार शाम नगर कौंसिल के अधिकारियों ने डीसी के आदेशों पर वार्ड नंबर-9 (पुरानी मंडी) में बने वर्षों पुराने घर पर ढहा दिया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन ने करीब 55 वर्ष पुराने मकान पर बुलडोजर चला दिया, कथित अवैध निर्माण वाले हिस्से को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। मकान मालिक राहुल कुमार के खिलाफ नशा तस्करी के तीन केस दर्ज हैं। इस दौरान घर के लोग हाथ जोड़कर कार्रवाई को बंद करने की मांग करते रहे, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। कार्रवाई के दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट करमजीत सिंह (नायब तहसीलदार), एसपी राजन शर्मा, डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा, एसएचओ दाखा हमराज सिंह चीमा सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। यह कार्रवाई शाम को की गई। नगर कौंसिल के ईओ हैपी कुमार जिंदल ने बताया कि मकान का केवल वही हिस्सा तोड़ा गया है जो अवैध रूप से बनाया गया था।

# पति, देवर और ननद ने पार की क्रूरता की हद, गर्भवती के पेट पर मारी लातें, मर गया गर्भ में पल रहा बच्चा

लुधियाना, युटर्न, 4 फरवरी। लुधियाना की बस्ती जोधेवाल की बैंक कॉलोनी इलाके में गर्भवती महिला के साथ क्रूरता की हदें पार कर दी गई। महिला के साथ उसकी पति, देवर और ननदों ने बुरी तरह मारपीट की। गर्भवती के पेट पर जोर-जोर से लातें मारी। आरोपियों ने विवाहिता को इस कदर बेरहमी से पीटा कि उसका गर्भपात हो गया। गर्भ में पल रहा दो महीने का बच्चा भी मर गया। इतना ही नहीं जब पीड़िता ने अपने जीजा को फोन कर बुलाया तो वह बीच बचाव कराने आ गया तो आरोपियों ने उसे भी पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना बस्ती जोधेवाल की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इस मामले में बैंक कॉलोनी निवासी अंजलि की शिकायत पर उसके पति टिंकू तुल्ली, राकेश कुमार देवर, पिंकी और शिवानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता अंजलि ने बताया कि उसकी शादी 2 जून 2025 को टिंकू तुली के साथ हुई थी। अंजलि का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति टिंकू देवर राकेश कुमार और ननद पिंकी व शिवानी ने उसे और दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था। बीती 23 जनवरी को जब अंजलि की मां देवकी देवी और जीजा विजय दुग्गल उसे वापस ससुराल छोड़ने आए तो उन्हें उम्मीद थी कि सब ठीक हो जाएगा। लेकिन उनके जाते ही आरोपियों ने अंजलि पर हमला कर दिया। जब अंजलि ने फोन कर अपने जीजा को मदद के लिए बुलाया तो आरोपियों ने उनके साथ भी बुरी तरह मारपीट की।



# एस.सी. समाज को मिल रहा सम्मान, आम आदमी पार्टी की सरकार मजबूती से खड़ी : विधायक रंधावा

## एस.सी. विंग की बैठक में बोले विधायक रंधावा, एस.सी. समाज को मिल रहा पूरा सम्मान



डेराबस्सी, यूटर्न, 04 फरवरी। हलका विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा की मौजूदगी में मुख्य कार्यालय डेराबस्सी में आम आदमी पार्टी की एस.सी. विंग द्वारा एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एस.सी. विंग के जिला प्रधान मनदीप सिंह तथा हलका कोऑर्डिनेटर मुकेश कमल ने की। इसमें डेराबस्सी हलके के सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत करने, एस.सी. समाज के अधिकारों की रक्षा करने तथा आम आदमी पार्टी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सम्मानित किया और उन्हें पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

विधायक रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार एस.सी. समाज को सम्मान, समान अधिकार और विकास के समान अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ एस.सी. वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे समाज सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। अंत में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पार्टी संगठन को और मजबूत करने तथा एस.सी. समाज की आवाज बनकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# पेंशनरों ने एक्सईएन कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, मांगें न मानीं तो पुतला फूंकने की चेतावनी



जीरकपुर, यूटर्न, 04 फरवरी। बिजली बोर्ड के सेवानिवृ कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों और दफ्तरों में हो रही देरी के विरोध में बुधवार को जीरकपुर स्थित एक्सईएन (एक्सईएन) कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पेंशनरों ने प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान पेंशनर नेता राजिंदर कुमार ने कहा कि जीरकपुर एक्सईएन कार्यालय में सेवानिवृा कर्मचारियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेंशनरों को अपने जायज कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन अधिकारी समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें लगातार टाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों से दफ्तर का कामकाज लगभग ठप पड़ा है। जब भी इस संबंध में अधिकारियों से सवाल किया जाता है तो स्टाफ की कमी का हवाला दिया जाता है, जबकि कर्मचारियों की नियुक्ति करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है, न कि सेवानिवृत-कर्मचारियों की। पेंशनर यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि 19 फरवरी 2026 तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे दोबारा उग्र आंदोलन करेंगे। इसके तहत एक्सईएन कार्यालय के बाहर पुतला फूंका जाएगा और स्थायी धरना भी दिया जाएगा। इस प्रदर्शन में सीएचबी कर्मियों ने भी भाग लिया। मौके पर डिवीजन प्रधान अमनिंदर सिंह, रोहित शर्मा, सर्कल सचिव एकम सिद्धू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद रहे।

# 18 करोड़ की हेरोइन समेत चार तस्कर गिरफ्तार, अवैध हथियार भी हुए बरामद



राज बब्बर

जगराओं/यूटर्न/4 फरवरी। युद्ध नशों के विरुद्ध मुहिम के तहत जगराओं पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली जब सीआईए स्टाफ पुलिस ने रायकोट इलाके में हेरोइन सप्लाई करने जा रहे चार युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 किलो 34 ग्राम हेरोइन बरामद की और उनकी कार से एक अवैध पिस्तौल 32 बोर और जिंदा कारतूस भी बरामद किए। चारों युवकों से बरामद हेरोइन की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में 18 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। एसएसपी जगराओं डाक्टर अंकुर गुप्ता ने बताया कि ये चारों बॉर्डर पार के इलाके से सस्ते दामों पर हेरोइन लाकर पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई करते हैं और अब भी ये रायकोट इलाके में हेरोइन सप्लाई करने जा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों युवकों में से दो युवकों पर पहले भी ड्रग तस्करी के मामले दर्ज हैं और एक युवक अमृतसर-अटारी बॉर्डर का रहने वाला है और वह यह हेरोइन बॉर्डर इलाके से लाता था और पहले भी वह कई बार बॉर्डर इलाके से हेरोइन लाकर रायकोट इलाके में सप्लाई कर चुका है और अब जल्द ही इनकी सप्लाई चेन भी तोड़ दी जाएगी। इस मौके एसपीडी राजन शर्मा, डीएसपी रायकोट हरजिंद्र सिंह, सीआईए स्टाफ इंचार्ज अमृतपाल सिंह, थानेदार खटडा थानेदार सुखदेव सिंह भी विशेष रूप से हाजिर रहे।

# थाना दाखा पुलिस ने नशा तस्कर के घर के अवैध हिस्से पर चलाया पीला पंजा



राज बब्बर

जगराओं/यूटर्न/4 फरवरी। नशा तस्करों के खिलाफ लुधियाना देहाती पुलिस कितनी सख्ती से कारवाई लगातार कर रही है, इस की मिसाल एक बार फिर उस समय देखने को मिली। जब मुल्लांपुर दाखा पुलिस ने वार्ड नंबर 9 में कूकी वाली गली के पास नशा तस्कर राहुल कुमार उर्फ घोंघा के घर पर पीला पंजा चला कर उसके घर को गिराया। इस मौके एसपीडी राजन शर्मा ओर डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा ने कहाकि आज जिस घर को गिराया गया है, इस नशा तस्कर पर थाना दाखा में ही एनडीपीएस के तीन मामले दर्ज हैं और पुलिस ने पिछले एनडीपीएस मामलों को देखते हुए ओर नगर कौंसिल की जगह पर बने इस घर के अवैध हिस्से को आज गिराया गया है, क्योंकि यह घर नशा बेच कर बनाए गये पैसो से बनाया गया था और नगर कौंसिल की जगह पर अवैध हिस्से पर नाजायज कब्जा करके रखे हिस्से को आज गिरा दिया गया है। उन्होंने आगे भी नशा तस्करों के घरों पर ऐसी ही कारवाई जारी रखने की बात कही ओर यह भी कहाकि दाखा हल्के में किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा, अभी भी वक्त है, नशा तस्कर या तो नशा बेचने छोड़ दें, या फिर दाखा हल्का ही छोड़ कर चले जाएं।

# दीक्षांत ग्लोबल स्कूल में 10वीं कक्षा की विदाई समारोह में धूम, आश्मी जैन बनीं मिस दीक्षांत




जीरकपुर/यूटर्न/4 फरवरी। दीक्षांत ग्लोबल स्कूल में कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए यादगार विदाई पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। कक्षा 9वीं के छात्रों और स्कूल प्रशासन की ओर से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में कुल 110 छात्रों ने शिरकत की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मिस दीक्षांत का ताज, जिसे कक्षा 10वीं की छात्रा आश्मी जैन ने अपने नाम किया। इस खिताब के साथ ही समारोह में खुशियों का माहौल छा गया और तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। यह शानदार आयोजन होटल बेस्ट वेस्टर्न मैरीलैंड में हुआ, जहां छात्रों ने नाच-गाने, परफॉर्मेंस और भावुक पलों के साथ अपने स्कूल जीवन को याद किया। मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन मितुल दीक्षित और गरिमा दीक्षित ने शिरकत की। मितुल दीक्षित ने कक्षा 10वीं के छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे पूरे मनोबल से आगे बढ़ें।

स्कूल परिवार ने इस विदाई को एक भावुक अलविदा और नए सफर की शुरूआत के रूप में याद किया। कक्षा 10वीं के सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं गईं। स्कूल के इस कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यहां शिक्षा के साथ-साथ भावनाओं और यादों को भी उतना ही महत्व दिया जाता है।

# जिले में दुष्कर्म के दो मामलों से हड़कंप, दोनों केसों में अब तक गिरफ्तारी नहीं






जीरकपुर, यूटर्न, 04 जनवरी। जिले में दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किए हैं, लेकिन दोनों ही मामलों में अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इन घटनाओं ने एक बार फिर महिला सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पहला मामला पुलिस थाना जीरकपुर क्षेत्र से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार रोहित कुमार निवासी पठानकोट ने अपने एक साथी की मदद से 26 वर्षीय युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता पंचकूला (हरियाणा) की रहने वाली है। शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी लंबे समय से शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में जब उसने शादी करने की बात कही तो आरोपी मुकर गया और उससे संपर्क तोड़ लिया।

पीड़िता की शिकायत पर थाना जीरकपुर में आरोपी रोहित कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

दूसरा मामला मोहाली के थाना फेज-11 क्षेत्र का है। यहां 1 फरवरी को 32 वर्षीय युवती ने गुरविंदर सिंह निवासी फेज-11 मोहाली पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता और आरोपी दोनों एक ही इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं। युवती ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, उसके कपड़े फाड़े और जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर थाना फेज-11 मोहाली में आरोपी गुरविंदर सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2), 74 और 76 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में भी अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों मामलों में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने पुलिस से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है, ताकि पीड़िताओं को न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# अनैतिक गतिविधियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन स्पा सेंटर व होटल सील, 7 युवतियां रेस्क्यू





जीरकपुर, यूटर्न, 04 जनवरी। शहर में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ जीरकपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओरा स्पा सेंटर, फॉरएवर स्पा सेंटर और होटल चिराग को सील कर दिया है। पुलिस की इस रेड के दौरान मौके से सात युवतियों को रेस्क्यू किया गया, जबकि होटल मैनेजर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

इस संबंध में एएसपी गजलप्रीत कौर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ इमोरल ट्रैफिकिंग एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में सिर्फ होटल मैनेजर ही नहीं, बल्कि संबंधित प्रॉपर्टी मालिकों को भी नामजद कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एएसपी गजलप्रीत कौर के अनुसार पुलिस रेड से पहले कुछ युवतियां मौके से फरार हो चुकी थीं। वहीं होटल मैनेजर भी भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच कर रही है।

उन्होंने कहा कि जीरकपुर पुलिस की प्राथमिकता शहर में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना है। किसी भी तरह की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एसएचओ जीरकपुर द्वारा लगातार गश्त भी की जा रही है।

एएसपी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस तरह की गलत गतिविधियों और सेवाओं से दूर रहें। उन्होंने कहा, इंसान कोई वस्तु नहीं है। महिला का अपना सम्मान और स्वाभिमान है। युवाओं को चाहिए कि वे पढ़ाई और सकारात्मक कार्यों पर ध्यान दें और समाज व प्रदेश का नाम रोशन करें। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## नाका बंदी के दौरान युवक से 110 ग्राम गांजा बरामद, एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 04 फरवरी। जीरकपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस चौकी बलटाना की टीम ने एक अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाका बंदी के दौरान एक युवक को संदिग्ध हालत में पकड़कर उसके कब्जे से 110 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बलटाना के प्रभारी के निर्देशानुसार 3 फरवरी को एएसआई सुलाखन सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और नाका बंदी कर रहे थे। उनके साथ एएसआई पवन कुमार, हेड कांस्टेबल रमनदीप सिंह और पीएचजी मनजीत सिंह भी मौजूद थे। पुलिस टीम बलटाना स्थित वेलवेट क्लार्क होटल के पीछे कच्चे रास्ते पर पैदल नाका बंदी कर रही थी। रात करीब 9 बजे पुलिस टीम ने देखा कि एक युवक गंदी नाली की ओर से पैदल आता दिखाई दिया, जिसके दाहिने हाथ में मोम का एक लिफाफा था। जैसे ही युवक की नजर पुलिस पर पड़ी, वह घबरा गया और पीछे मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसे रुकने के लिए आवाज दी, लेकिन वह नहीं रुका। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को मौके पर ही काबू कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान सुखविंदर सिंह पुत्र जसविंदर सिंह निवासी गांव नवीपुर, नारायणगढ़, जिला अंबाला (हरियाणा) के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया कि वह वर्तमान में डेराबस्सी स्थित पार्क स्ट्रीट के पास भरभूर सिंह के मकान में किराए पर रह रहा है। पुलिस ने जब युवक के हाथ में पकड़े मोम के लिफाफे के बारे में पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। संदेह होने पर पुलिस ने लिफाफे की तलाशी ली, जिसमें गांजा बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ को कांटे से तौलने पर उसका वजन 110 ग्राम पाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

## बलटाना में लगाया गया मेडिकल कैंप, डॉक्टरों को किया गया सम्मानित



जीरकपुर, यूटर्न, 04 फरवरी। जीरकपुर : वार्ड नंबर 7 बलटाना में जनहित को ध्यान में रखते हुए एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य जांच व परामर्श की सुविधाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के सदस्य करमजीत सिंह चौहान की अगुवाई में कैंप में सेवाएं देने वाले सभी डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना रहा। कैंप में डॉ रेनू वर्मा और डॉ पारस बटला ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। यह शिविर मिस्ट हॉस्पिटल के सहयोग से लगाया गया, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकीं। कैंप के आयोजन में वार्ड नंबर 7 के इंचार्ज सुरेश सैनी और ब्लॉक इंचार्ज रमन सैनी की अहम भूमिका रही। साथ ही समाजसेवी दिक्षित सिंगला, कमल, रिया, आरती, नदीम और एकता सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी मेडिकल कैंप लगातार लगाए जाएंगे ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372